हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शनिवार,13 दिसंबर 2025



10 लेमन स्पून रेस में पांचवीं कक्षा का रुबिन प्रथम





11 सड़कों पर जल्द लगाएं सफेद पट्टी : उपायुक्त





## खबर संक्षेप

### राजबाला ने ग्रहण किया डीईईओ का कार्यभार



**झज्जर।** शुक्रवार को राजबाला मलिक ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। राजबाला मलिक इससे पूर्व रोहतक में उप-जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत थीं और हाल ही में उन्हें पदोन्नति प्रदान की गई है। कार्यभार ग्रहण समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी रतिंदर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी रोहतक मंजीत मलिक, जिला शिक्षा अधिकारी रेवाड़ी बिजेद्र हुड्डा, जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी रेवाड़ी प्रदीप सिंह, रोहतक जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारी खंड साल्हावास के बीईओ जयपाल दहिया, जिला निपुण समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया, रमेश गुलिया, जोगेंद्र धनखड़ सहित काफी संख्या में विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हर्ष फायरिंग का एक आरोपी काबू

**बहादुरगढ़।** गत 25 नवंबर को एक शादी समारोह में हवाई फायर के दौरान एक व्यक्ति को गोली लगने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। राठी फार्म हाउस में नवीन गुलिया की शादी थी। वहां जितेश निवासी बादली भी आया हुआ था। उसकी पिस्तौल से गोली चल गई, जो पहले उसकी खुद की हथेली से निकल गई और उसके बाद साथ खड़े योगेश की कोहनी में लग गई। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गया। पुलिस ने इस मामले में जितेश निवासी बादली को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति अब ऑनलाइन होगी अप्लाई

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग (सेवा) द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अब छात्रवृत्ति आवेदन, सत्यापन और वितरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी, जिससे पारदर्शिता, समयबद्धता और दक्षता सुनिश्चित की जा सकेगी। सरकार ने योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन के लिए तीन स्तरीय सत्यापन प्रणाली लागू की है।

## चौकी-थानों में क्यूआर कोड स्कैन कर पुलिस को दे सकेंगे नंबर




**झज्जर।** पुलिस सेवाओं को अधिक पारदर्शी, त्वरित और जन-अनुकूल बनाने की दिशा में पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह के निर्देशानुसार एक पहल की शुरुआत की है। जिसमें जिले के सभी चौकी, थाना और पुलिस कार्यालयों में क्यूआर कोड आधारित डिजिटल फीडबैक सिस्टम स्थापित किया गया है। जिसके माध्यम से अब नागरिक अपने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर अपनी प्रतिक्रिया तुरंत दर्ज कर सकेंगे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस फीडबैक फॉर्म में कार्यालय का वातावरण, स्टाफ का व्यवहार, पहुंच की सुविधा, समग्र संतुष्टि और सुझाव जैसे बिंदु शामिल किए गए हैं, जिनसे पुलिस सेवाओं की गुणवत्ता का वास्तविक आकलन किया जा सकेगा। फीडबैक प्रक्रिया पूरी तरह सरल और डिजिटल है, जिससे हर नागरिक अपनी राय सहजता से साझा कर सकता है। उन्होंने कहा कि जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए यह पहल बेहद महत्वपूर्ण कदम है। प्राप्त फीडबैक का नियमित विश्लेषण किया जाएगा तथा जिन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता होगी, वहां तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

फर्म के पूर्व चालक पर आरोप

## ऑफिस में तोड़फोड़ कर 11 हजार लूटे, धमकी देकर मालिक से 20 लाख की रंगदारी मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नयागांव बाईपास पर स्थित मिट्टी के स्टॉक पर तोड़फोड़ करने, रुपये लूटने तथा मालिक को जान से मारने की धमकी देकर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। गांव सोलधा के दो युवकों व उनके साथियों पर ये गंभीर आरोप लगे हैं। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में शक्ति नगर निवासी संदीप ने कहा कि नयागांव बाईपास पर उनका मिट्टी का स्टॉक है। दस दिसंबर को हम एक शादी में गए हुए थे। पौने दस बजे हमारे ड्राइवर दिनेश ने फोन कर बताया कि वे अखिल पेट्रोल पंप पर गाड़ियों में तेल डलवा रहे थे। इसी दौरान एक कार वहां आई। उसमें से दो युवक उतरकर आए तथा गाली गलौज की। इतना ही नहीं, बिट्टे से मारने का भी प्रयास किया। यह सूचना पाकर हम वहां पहुंचे तो आरोपी कुलदीप व मनजीत भाग गए। फिर करीब एक घंटे बाद मेरे भाई पवन के मोबाइल पर स्टॉक से जेसीबी ऑपरेटर सूरज का फोन आया।

सूरज ने बताया कि कुलदीप व उसके साथी आए थे। आते ही शीशे का दरवाजा तोड़कर दफ्तर में घुसे तथा मारपीट कर 11 हजार रुपये ले गए। इतना ही नहीं, कहने लगे कि तेरा मालिक पीके कहां मिलेगा। उसे बोल देना 20 लाख रुपये दे दे, वरना जान से मार देंगे। कुलदीप पहले हमारे यहां ड्राइवर था। उसने मनजीत सहित अन्य साथियों संग मिलकर वारदात की है। उधर, सदर थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।




**बहादुरगढ़।** हमलावरों द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया दरवाजा। फोटो : हरिभूमि

### रास्ता रोककर प्रवासी युवक को डंडे से पीटा

**बहादुरगढ़।** गांव जाखोदा में रास्ता रोककर एक प्रवासी युवक के साथ मारपीट की गई। गांव में मौजूद शराब ठेके के सेल्समैन पर मारपीट करने व धमकी देने का आरोप है। वारदात अंकुश के साथ हुई है। ओरैया मूल का अंकुश यहां जाखोदा में किराये पर रहता है और सेक्टर 17 स्थित एक कंपनी में काम करता है। पुलिस को दी शिकायत में उसने कहा है कि वह ड्यूटी से छुट्टी के बाद अपने कमरे पर जा रहा था। मछली मार्केट के पास ठेके पर शराब लेने चला गया। वहां किसी बात पर सेल्समैन के साथ कहासुनी हो गई। फिर मैं चल दिया। पीछे से आरोपी सेल्समैन आया और डंडे से हमला कर दिया। हमले में मुझे काफी चोट आई। अस्पताल में भर्ती हुआ तो पीजीआई रेफर कर दिया गया। उधर, आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जिले में डॉक्टरों व डिप्लोमा इंजीनियर्स की हड़ताल खत्म होने से राहत

## डॉक्टरों के लौटने से राहत अल्ट्रासाउंड के लिए इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पिछले कई दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे सरकारी चिकित्सक सरकार के साथ हुई वार्ता के बीच बनी सहमति के बाद शुक्रवार को अपनी ड्यटी पर लौट आए। जिसके कारण मरीजों और उनके तीमारदारों को काफी राहत मिली। चार दिनों के बाद मरीजों को स्पेशल चिकित्सकों की सेवाएं मिली। जिसके कारण मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य अहसास हुआ। हालांकि स्थानीय नागरिक अस्पताल परिसर में अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं मिलने के कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

इसके अलावा लोगों को चिकित्सकों की हड़ताल समाप्त होने का पता नहीं चलने के कारण ओपीडी में कम ही मरीज पहुंचें। बता दें कि एचसीएमएस एसोसिएशन के संयुक्त सचिव डॉक्टर रितेश सांगवान ने बताया था कि उनकी मुख्य मांगों में डायरेक्ट एसएमओ की डायरेक्ट भर्ती पर रोक लगाना तथा एसीपी को लेकर वर्ष 2023 में उनकी एसोसिएशन द्वारा की गई स्ट्राइक के बाद उसे मान लिया गया था। सीएम की स्वीकृति के बाद भी उसे अब तक लागू नहीं किया गया था। जिसके कारण उन्होंने सामूहिक अवकाश और बाद में अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की थी।



**झज्जर।** नागरिक अस्पताल में उपचार करते चिकित्सक।

### चार दिन बाद डॉक्टरों ने संभाली कमान

**बहादुरगढ़।** सरकार से सहमति के बाद हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसिज एसोसिएशन ने हड़ताल समाप्त कर दी है। चार दिन बाद बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं सामान्य होती नजर आई। डॉक्टरों ने अपना कामकाज संभाला और मरीजों का उपचार आरंभ किया। दरअसल, एसएमओ की सीधी भर्ती रोकने, मोडिफाइड एसीपी स्ट्रक्चर लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर एचसीएमएसए के आह्वान पर प्रदेशभर के डॉक्टर हड़ताल पर चले गए थे। बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में भी इसका असर देखने को मिला।

## डिप्लोमा इंजीनियर्स की मांगों पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



पिछले कई दिनों से अपनी लंबित मांगों को लेकर हड़ताल पर चल रहे डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के मुख्य प्रतिनिधियों और सिंचाई विभाग के मुख्य अधिकारी अधीक्षक अभियंता के बीच बनी आपसी सहमति एवं दिए गए आश्वासन पर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुक्रवार को समाप्त हो गई। डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के कनिष्ठ अभियंताओं की लंबित जायज मांगों का समाधान करने के लिए सिंचाई विभाग के मुख्य अधिकारी अधीक्षक अभियंता व एसोसिएशन के मुख्य प्रतिनिधियों के बीच लंबी वार्तालाप के बाद आपसी सहमति बनी।

### यह दिया गया आश्वासन

- एसोसिएशन व अधिकारियों के बीच दोनों कनिष्ठ अभियंताओं विजय कुमार और प्रवीण की काटी गई सैलरी का अतिशीघ्र भुगतान करने पर सहमति बनी।
- दोनों कनिष्ठ अभियंताओं की एचआरएमएस पोर्टल पर सर्विस पीरियड सत्यापित किया जाएगा।
- किसी कनिष्ठ अभियंता का कोई सर्विस गैप नहीं होगा।
- दोनों कनिष्ठ अभियंताओं की चार्जशीट को वापिस लेकर रद्द करवाया जाएगा।
- अनिश्चितकालीन हड़ताल के दैरान कार्यवाई के लिए जारी किए गए सभी आदेश वापिस लिए जाएंगे।
- किसी कनिष्ठ अभियंता पर हड़ताल समाप्ति के बाद कोई विभागीय कार्रवाई नहीं की जाएगी।
- हड़ताल में शामिल अन्य सभी कनिष्ठ अभियंताओं की नवंबर 2025 महीने की सैलरी का जल्द भुगतान किया जाएगा।

## औद्योगिक क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट्स के टेंडर जारी



**बहादुरगढ़।** बैठक में निगम अधिकारियों से चर्चा करते कोबी पदाधिकारी।

- कोबी ने एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष प्रवीण गर्ग की अध्यक्षता में शुक्रवार को एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में निगम के एक्सईएन राजीव डागर समेत पूरी तकनीकी टीम उपस्थित रही।

कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, महासचिव प्रदीप कौल, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल, पुरषोत्तम गोयल, सुनील गर्ग, गणेश गुप्ता, तिलक राज गर्ग, दीपक साहनी आदि ने एचएसआईआईडीसी के अधीन आने वाले प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों सेक्टर-16, 17, 4बी, ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया और एमआईई पार्ट ए व बी की मौजूदा स्थिति व विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। राजीव डागर ने बताया कि सेक्टर-17 में सभी सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत कार्य पूर्ण हो चुका है। सेक्टर-16 में सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

सेक्टर-4बी में सड़क कार्य लगभग 30 प्रतिशत पूरा हो चुका है। सेक्टर-16, 17, 4बी में पीने के पानी की सप्लाई सुचारू रूप से चल रही है। स्ट्रीट लाइट्स के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। सीवरेज सफाई का कार्य भी नियमित रूप से चल रहा है। एमआईई में पानी की सप्लाई ट्रायल बेसिस पर शुरू की जा चुकी है। पिछले वर्ष लगभग 35 करोड़ रुपये के टेंडर के अंतर्गत हुए कार्यों की समीक्षा की जाएगी और उनकी क्वालिटी चेक की जाएगी।

## जली फैक्ट्रियों से दिन भर उठता रहा धुआं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एमआईई पार्ट-बी में स्थित फैक्ट्रियों में गुरुवार रात को लगी भीषण आग पर कई घंटों बाद नियंत्रण तो पा लिया गया लेकिन मलबे से धुआं लगातार उठ रहा है। मलबे के नीचे कहीं कहीं आग भी सुलग रही है। एहतियात के तौर पर शुक्रवार की दोपहर को भी दमकल की कई गाड़ियां मौके पर थीं।

दरअसल, वीरवार की रात को एमआईई स्थित फैक्ट्री नंबर 2249 में आग लग गई थी। ज्वलनशील पदार्थ होने के चलते आग तेजी से फैली और तीन अन्य इकाइयां भी जद में आ गईं। दो फैक्ट्रियों में अधिकांश सामान खाक हो गया है। भवन व शेड भी भर भराकर ढह गया। वहीं तीसरी फैक्ट्री में भी नुकसान हुआ, जबकि चौथी फैक्ट्री में अधिक नुकसान नहीं होने दिया। इन फैक्ट्रियों में प्लास्टिक, जूता व थर्मोकॉल दाना आदि तैयार किया जाता है।



## एक साथ दुनिया को अलविदा कह गए बचपन के दोस्त

- रेलवे ट्रैक पर रील बनाते वक्त ट्रेन की चपेट में आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

रेलवे ट्रैक पर जान गंवाने वाले युवकों की पहचान हो गई है। दोनों मध्य प्रदेश के इटायली गांव के रहने वाले थे। पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिए। गमगीन माहौल में परिजन शवों को साथ ले गए।

मृतकों की पहचान करीब 18 वर्षीय शिवम व आकाश के रूप में हुई। मामले में सामने आया है कि दोनों बचपन के दोस्त थे। हमेशा साथ रहते थे। बचपन, सपने, संघर्ष और दोस्ती सब कुछ साझा करते हुए बड़े हुए। शिवम रोजगार की तलाश में कुछ समय पहले अपने परिवार के साथ बहादुरगढ़ आया और यहां छोटूराम नगर में रहने लगा। कुछ ही समय बाद आकाश भी यहां आ गया। यहां भी दोनों साथ रहते। दोनों जहां जाते—साथ जाते, साथ काम करते, साथ हंसते और साथ जीते थे। वीरवार को भी दोनों हमेशा की तरह इकट्ठे थे। मस्ती-मज़ाक में रेलवे ट्रैक पर वीडियो शूट कर रहे थे। किसे पता था कि यह वीडियो उनकी ज़िंदगी का आख़िरी पल बन जाएगा।



शिवम।



आकाश।

दोनों जिस तरह जीवन में साथ थे, उसी तरह दुनिया से रुख़सत भी साथ ही हो गए। हादसे के बाद से परिवारों में मातम पसरा है। परिजनों की आंखों में सिर्फ़ आंसू ही नहीं, बल्कि जवान बेटों के बिछड़ने का असहनीय दर्द है।

### ट्रेन की चपेट में आने से तीन बेटियों की मां की मौत

**बहादुरगढ़।** घर से ड्यूटी के लिए निकली एक महिला हादसे का शिकार हो गई। छोटूराम नगर फाटक पर ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है।

- एमआईई की जूता कंपनी में काम करने घर से निकली थी 44 वर्षीय रागिनी

मृतका की पहचान करीब 44 वर्षीय रागिनी के रूप में हुई है। रागिनी मूलतः बिहार की रहने वाली थी। पिछले करीब 17 साल से परिवार सहित यहां छोटूराम नगर में रह रही थी। एमआईई स्थित एक जूता कंपनी में काम करती थी। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह वह घर से ड्यूटी के लिए निकली। रेलवे लाइन पर पहुंची तो किसी ट्रेन की चपेट में आ गई। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर जीआरपी टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। शव को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में ले जाया गया। परिजनों को सूचना दी गई। इसके बाद परिजनों के बयान लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई गई। रागिनी तीन बेटियों की मां थी। बेटियों की परवरिश के लिए वह नौकरी करती थी। उसकी मौत से बेटियों के सिर से मां की ममता का साया उठ गया है।

**उपलब्धि** अब तक 12 अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड प्राप्त कर चुके गांव लोवा खुर्द निवासी संदीप कुमार

## संदीप कुमार को ताइवान में मिला बेस्ट नेशनल डायरेक्टर अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव लोवा खुर्द निवासी संदीप कुमार को ताइवान के ताईचुंग में बेस्ट नेशनल डायरेक्टर का अवॉर्ड मिला है। यह अवॉर्ड उन्हें ताइचुंग इंटरकांटिनेंटल स्टेडियम में फेस ऑफ ब्यूटी इंटरनेशनल आर्गेनाइजेशन की फाउंडर मिला मैनुएल द्वारा दिया गया। संदीप को इस वर्ष में यह तीसरा अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड मिला है। इससे पहले फिलीपींस की राजधानी मनीला और कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में भी उन्हें इसी वर्ष अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड मिले हैं।

बहादुरगढ़ के संदीप कुमार को उनके अथक प्रयासों और समाज पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ने के लिए वर्ष 2019 में अजरबैजान देश की राजधानी बाकू में मशहूर गोल्डन पीपल अवॉर्ड भी मिल चुका है। संदीप को अब तक थाईलैंड, कोरिया, डोमिनिकन रिपब्लिक, फिलीपींस, अजरबैजान, श्रीलंका, दुबई आदि देशों में 12 अंतरराष्ट्रीय अवार्ड मिल चुके हैं। संदीप कुमार ने पिछले 13 वर्षों के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता अभियान, शिक्षा और समानता, पर्यावरण संरक्षण, ई-वेस्ट मैनेजमेंट जैसे सामाजिक विषयों पर लगभग 30 अंतरराष्ट्रीय अभियान आयोजित किए हैं। इनमें अभी तक 45 देशों से ज्यादा के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया है।

वे वर्ष 2016, 2017, 2018, 2022 व 2023 में अपने पैतृक गांव लोवा खुर्द में भी अंतरराष्ट्रीय वूमन हाइजीन और स्वच्छ भारत अभियान विषय पर जागरुकता अभियान चला चुके हैं।




**बहादुरगढ़।** संदीप कुमार को बेस्ट नेशनल डायरेक्टर अवॉर्ड देतीं मिला मैनुएल।

## एसीपी प्रदीप खत्री को मिला भारत गौरव अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एसीपी प्रदीप खत्री को पुलिस सेवा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रतिष्ठित भारत गौरव अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित इस्लामिक सेंटर में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कालीरामण फाउंडेशन की ओर से रहबर-ए-आजम सर छोटूराम की स्मृति में किया गया था। प्रदीप खत्री फिलहाल बहादुरगढ़ में एसीपी के तौर पर पदस्थ हैं। समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, सांसद बृजमोहन, विधायक रणधीर पनिहार और सांसद श्रीचंदन चौहान, एडवोकेट सुरेंद्र कालीरमन भी मौजूद रहे।

एसीपी प्रदीप खत्री ने पुलिस सेवा के साथ खेल के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रदीप खत्री को 2024 में राष्ट्रपति द्वारा पुलिस वीरता पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है। वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती कोच भी रह चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई मैडल भी हासिल कर चुके हैं। एसीपी प्रदीप खत्री ने कालीरामण फाउंडेशन और आयोजन समिति का आभार जताते हुए कहा कि समाज को बेहतर दिशा देना और लोगों को सुरक्षा देना ही उनका प्राथमिक उद्देश्य है।



## मॉडर्न स्कूल में खेलकूद स्पर्धा के पहले दिन दिखा गजब का उत्साह

# लेमन स्पून रेस में पांचवीं का रुबिन प्रथम, डक रेस में मोक्षित रहा अव्वल

उद्घाटन समारोह में डॉ. योगेश मेहता व डॉ. राकेश सांगवान ने बच्चों को किया प्रोत्साहित



बहादुरगढ़। मशाल प्रज्ज्वलित कर छात्र को सौंपते डॉ. राकेश सांगवान व अन्य। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। मार्चपास्ट निकालते स्कूल के चारों सदनों के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

- आज होगा प्रतियोगिता का समापन, विजेताओं को बांटे जाएंगे पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के मॉडर्न स्कूल में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। चेयरमैन डॉ. राकेश सांगवान, डायरेक्टर उर्मिला सांगवान व एडवोकेट भुवनेश सांगवान ने मुख्य अतिथि डॉ. योगेश मेहता का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मशाल प्रज्वलन से हुई। इसके बाद गंगा, यमुना, सरस्वती और कावेरी सदनों ने प्रभावशाली मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य संजीव कौशिक और उप-प्रधानाचार्य जितेंद्र दहिया ने विद्यार्थियों को खेल भावना, अनुशासन और पूर्ण सहभागिता के लिए प्रेरित किया। डॉ. राकेश सांगवान ने खेलों को जीवन निर्माण का महत्वपूर्ण आधार बताया।

उद्घाटन के पश्चात फ्रॉग रेस, लेमन-स्पून रेस, बैक रेस, रिले रेस तथा रोचक गणितीय गतिविधियां आयोजित की गईं। जूनियर कक्षाओं के नन्हे-मुन्नों ने आकर्षक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। लेमन-स्पून रेस में पांचवीं का रुबिन पहले, इशिका दूसरे और रितिका तीसरे स्थान पर रहे। फ्रॉग रेस में चौथी के कार्तिक दलाल पहले, कार्तिक तिवारी दूसरे और पांचवीं के सार्थक तीसरे स्थान पर रहा। बैक रेस में पांचवीं का सार्थक पहले, मोक्षित दूसरे व चौथी का कार्तिक दलाल तीसरे नंबर पर रहा। थ्री-लेग रेस में पांचवीं के प्रतीक और विवेक प्रिाम, वंश व अनिरुद्ध द्वितीय और तीसरी कक्षा की देमिरा व नव्या तृतीय स्थान पर रही। डक रेस में पांचवीं का मोक्षित पहले, तीसरी का विहान दूसरा और अंश तीसरे स्थान पर रहा। सौ मीटर दौड़ में पांचवीं का पुनीत प्रथम, सार्थक द्वितीय और मोक्षित तृतीय रहा।

## सोलधा स्कूल में अंबे अकेडमी ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता



बहादुरगढ़। गांव सोलधा के शहीद रामफल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को खंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीपीओ सुरेंद्र खत्री और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध हरियाणवी कलाकार विक्की काजला मौजूद रहे। सरपंच लक्ष्मी देवी, उनके पति प्रदीप काजला, पंचायत सचिव अंशु तथा कोच राजबाला की देखरेख में हुई प्रतियोगिता के दौरान खेल के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता पर भी पूरा जोर दिया गया। प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने हिस्सा लेते हुए बेहतरीन खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रथम स्थान पर रही अंबे अकेडमी को 3100, द्वितीय स्थान पर सोलधा स्पोर्ट्स अकादमी को 2100, तृतीय स्थान पर रही माजरी टीम और चतुर्थ स्थान पर रही जसोर खेड़ी टीम को 1500 रुपए का इनाम दिया गया। सक्षम आरएमसी की तरफ से सभी 8 प्रतिभागी टीमों को भी 15-15 सौ रुपए देकर सम्मानित किया गया। ट्रैफिक एवं रोड सेफ्टी इंस्पेक्टर सतीश और सत्यप्रकाश राणा ने बच्चों, खिलाड़ियों व उपस्थित लोगों को नशा मुक्त जीवन, ट्रैफिक नियमों का पालन और सड़क सुरक्षा के महत्व पर जागरूक किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई।

# खेल महोत्सव में श्रेष्ठ शिक्षिकाओं व उत्कृष्ट खिलाड़ियों का सम्मान

- त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करतीं स्कूल निदेशिका व प्रिंसिपल।

शहर के त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल निदेशिका संगीता वर्मा, उपनिदेशिका सुमित्रा महला और प्रधानाचार्या अनिल कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। चारों सदनों में से कम्पैशिनेट सदन को सर्वश्रेष्ठ सदन का खिताब मिला। उत्कृष्ट शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। एकता बावेजा, गुनीशा मल्होत्रा और भावना खुराना को विभिन्न श्रेणियों के आधार पर श्रेष्ठ शिक्षक अवॉर्ड प्रदान किया गया। सभी सम्मानित शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। प्रार्थना सभा के पश्चात ध्वजारोहण और औपचारिक मार्च–पास्ट में चारों सदनों के कप्तानों ने सलामी दी। स्कूल निदेशिका ने मशाल को प्रज्ज्वलित किया।

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

- एचएसईबी वर्कर यूनियन के आह्वान पर गरजे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। बिजली कार्यालय के गेट पर धरनारत कर्मचारी।

ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का बिजली कर्मचारी लगातार विरोध कर रहे हैं। इसी कड़ी में एचएसईबी वर्कर यूनियन के आह्वान पर बहादुरगढ़ यूनिट के अधीन आने वाली सभी सब यूनिटों पर शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों ने दो घंटे का धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। धरने प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान सुमित देशवाल ने की। मंच संचालन सेक्रेटरी अमित शर्मा ने किया। सभी सब यूनिटों के प्रधान सहित अन्य पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने इस पॉलिसी को रद्द करने की मांग उठाई। सर्कल सचिव बिजेंद्र फोगाट ने कहा कि सभी कर्मचारी एकजुट हैं और अन्याय बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रधान नवीन, राजेश, भूपेंद्र, जयदेव, मनोज, महेश, सचिव नवीन, मंजीत, राजीव, धनराज, जितेंद्र, जेई जगमोहन, बिजेंद्र, अनिल, संजय, अमित, प्रवीण धरने पर मौजूद रहे।

# स्केटिंग स्पर्धा में तेजस और स्पंदन जीते

- एसआर संचुरी पब्लिक स्कूल में फिट इंडिया वीक के अंतर्गत प्रतियोगिताएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कबड्डी मैच में प्वाइंट अर्जित करने का प्रयास करतीं लड़कियां।

एसआर संचुरी पब्लिक स्कूल में फिट इंडिया वीक के अंतर्गत सातवीं, आठवीं और नौंवी कक्षा के विद्यार्थियों ने लेग क्रिकेट, कबड्डी, फुटबॉल आदि विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया। स्कूल निदेशक संजीत राठी व प्रधानाचार्य वीएन झा ने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खेल अध्यापक एसपी दलाल, आशीष, सुमित, मंजू दलाल और मनीष की देखरेख में हुई खिलाड़ियों ने पूरा जोश दिखाया। तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों की स्केटिंग प्रतियोगिता में तेजस प्रथम, दीवांशु द्वितीय और भूमि व दृष्टि तीसरे स्थान पर रहे। चौथी कक्षा में स्पंदन पहले, ऋषभ दूसरे और अथर्व तीसरे स्थान पर रहे। रोलर स्केटिंग में कक्षा तीसरी से शिवांश पाल प्रथम, तेजस चौहान दूसरे और प्रनीत तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा चौथी से संयोग पहले, हर्षित दूसरे और अयान तीसरे स्थान पर रहे।

### यह रहे परिणाम

लड़कियों में आदित्या पहले और कीर्ति दूसरे स्थान पर रही। अंडर-14 फुटबॉल में अन्नपूर्णा सदन को हराकर मंदाकिनी सदन ने विजय प्राप्त की। नौंवी कक्षो के लेग क्रिकेट में अन्नपूर्णा सदन को हराकर मंदाकिनी सदन ने जीत हासिल की। आठवीं के लड़कों द्वारा खेली गई अंतरसदनीय कबड्डी में मंदाकिनी सदन को 20 अंकों से अलकनंदा सदन ने हराया। बेस्ट प्लेयर का खिताब दर्विश को मिला। लड़कियों धौलगिरी सदन को अन्नपूर्णा सदन ने 3 पॉइंट से हराया। तन्वी बेस्ट प्लेयर रही। नौंवी कक्षा में मंदाकिनी सदन ने अन्नपूर्णा सदन को 9 पॉइंट से हराया। इस मैच में बेस्ट प्लेयर निशांत रहे।



झज्जर। योगाभ्यास कराते हुए योगाचार्य जगदीश सहवाग।

## विद्यार्थियों को कराया योगाभ्यास

झज्जर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी आसरा परिसर में शुक्रवार को योगाचार्य जगदीश कुमार सहवाग द्वारा योग एवं प्राणायाम शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यापक सुभाष चन्द्र ने की। शिविर में विद्यालय के सभी अध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। योगाचार्य जगदीश ने विद्यार्थियों को योग का महत्व, शिक्षा का महत्व, देशभक्ति, माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान, संस्कृति संरक्षण और प्रकृति संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा फास्ट फूड का सेवन न करने की भी सलाह दी।

## नेशनल अवॉर्डी महावीर प्रसाद बोंदवाल की अध्यक्षता में किया विचार-विमर्श

# हस्तशिल्प के उत्थान के लिए शिल्पकारों को बताईं योजनाएं

नॉर्दर्न रीजनल ऑफिस रेवाड़ी की ओर से 8 से 14 दिसंबर तक कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़




बहादुरगढ़। नेशनल अवॉर्डी महावीर बोंदवाल के साथ अन्य शिल्पकार। फोटो : हरिभूमि

भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह के दौरान बहादुरगढ़ में शिल्पकार संवाद सत्र आयोजित किया गया। नेशनल अवॉर्डी महावीर प्रसाद बोंदवाल की उपस्थिति में हुए कार्यक्रम में प्रदेश के राष्ट्रीय पुरस्कार, राज्य पुरस्कार विजेता शिल्पकारों ने भारतीय हस्तशिल्प के उत्थान पर विचार विमर्श किया।

स्थानीय शिल्पकारों को सशक्त करने, उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और पारंपरिक हस्तशिल्प कला को नई ऊर्जा प्रदान करने के लिए हस्तशिल्प सेवा केंद्र के नॉर्दर्न रीजनल ऑफिस रेवाड़ी की ओर से 8 से 14 दिसंबर तक यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित सिद्धहस्त शिल्पी महावीर प्रसाद बोंदवाल ने बताया कि दशकों पहले तमाम शिल्पकार एक दूसरे की शिल्प कलाओं के हुनर को सांझा करते थे। ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए। भारत सरकार शिल्पकार और बुनकरों के लिए समय-समय पर नई नीतियां बनाती है। उसकी विस्तृत जानकारी भी ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से सभी को दी जाती है। झज्जर जिले में रूरल एंड अर्बन डेवलपमेंट फाउंडेशन और प्राचीन कारीगर संगठन हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्यरत हैं।

### ऑनलाइन पोर्टल शुरू

दो दशक पूर्व राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित चंद्रकांत बोंदवाल ने बताया कि हस्तशिल्प के उत्थान के साथ शिल्पकार और बुनकरों की आजीविका के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत सरकार द्वारा हस्तशिल्प मेले का आयोजन किया जा रहा है। दिल्ली हाट के मास्टर क्रिएशन में भारत के पदमश्री, शिल्पगुरु व राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शिल्पकार 15 दिवसीय कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। शिल्पगुरु राजेंद्र प्रसाद बोंदवाल के साथ वे 15 दिसंबर तक हस्तशिल्प वीक में भाग ले रहे हैं। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय की तरफ से पूरे देश में नियमित रूप से शिल्प बाजार, वर्कशॉप, शिल्पकला से जुड़ी ट्रेनिंग करवाई जाती है। ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किए गए हैं। कई योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है।

## खबर संक्षेप



### गड्ढे भरने का काम शुरू, आभार जताया

बहादुरगढ़। रेलवे अंडरपास में उड़ती धूल-मिट्टी से निजात दिलाने के लिए समाज कल्याण मंच के अनुरोध का असर होने पर स्थानीय निवासियों ने रेलवे अधिकारियों का आभार जताया। प्रवीण दलाल ने बताया कि मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर सीमा ने लिखित शिकायत दी थी। जिसका संज्ञान लेते हुए रेलवे अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सड़क की मरम्मत, गड्ढों को भरने और धूल-मिट्टी पर पानी का छिड़काव करवाना शुरू कर दिया। यह रास्ता पहले के मुकाबले काफी दुरुस्त हो चुका है, जिससे स्थानीय लोग संतुष्ट हैं। इस दौरान प्रेम पंडित, मनोज जयसवाल, लेखराज यादव, मांगे दलाल, सोनू बंसल, नवीन व अमित डबास आदि मौजूद रहे।



### नेशनल चैंपियन यशदेव तंवर को किया सम्मानित

झज्जर। एच डी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में नेशनल चैंपियन यशदेव तंवर का विद्यालय पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। जिसमें प्रबंधन समिति की ओर से यशदेव तंवर को 21 हजार रुपये और कोच सुदेश को 5100 रुपये से सम्मानित किया गया। इस दौरान अपने संबोधन में एच डी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने कहा कि विद्यालय की दसवीं कक्षा के छात्र यशदेव तंवर ने 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स शूटिंग चैंपियनशिप में हरियाणा टीम का नेतृत्व करते हुए स्वर्ण पदक दिलाया, वहीं व्यक्तिगत प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है। 10 मीटर एयर पिस्टल में अंडर-17 आयुवर्ग की इस प्रतियोगिता में फाइनल में उत्तर प्रदेश की टीम को 15 अंकों के बड़े अंतर से हराते हुए हरियाणा की टीम को विजयी बनाया। इस मौके पर एच डी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया, प्राचार्य सतबीर सिंह सहित स्टॉफ के सभी सदस्यों ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### गीता कॉन्टेस्ट में 5 हजार बच्चे दिखा रहे प्रतिभा

बहादुरगढ़। हरियाणा के विभिन्न शहरों में इस्कॉन बहादुरगढ़ द्वारा गीता कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया। गोपाल गार्डन स्कूल (साप्ताहिक वैदिक विद्यालय) के तत्वावधान में गीता जयंती के उपलक्ष्य में झज्जर, हांसी, हिसार, रोहतक, भिवानी, सांपला, महेंद्रगढ़ और बहादुरगढ़ में कक्षा चौथी से 12वीं तक के बच्चों के लिए व्यापक स्तर पर गीता कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न शहरों के 5 हजार से अधिक छात्र पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। बहादुरगढ़ से बाल विकास स्कूल, डीएवी, अशोका इंटरनेशनल और राजकीय मॉडल संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल सक्रिय रूप से सहभागिता कर रहे हैं। गोपाल गार्डन स्कूल के शिक्षकों द्वारा 6 ऑनलाइन तथा ऑफलाइन प्रारंभिक कक्षाएं भी आयोजित की गईं। जिनमें बच्चों को भगवद्गीता के महत्वपूर्ण सिद्धांत सरल और रोचक तरीके से सिखाए जा रहे हैं। सेवा और समर्पण की भावना को दर्शाते हुए कई दानदाताओं ने विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को निःशुल्क भगवद्गीता प्रदान की, ताकि वे कम उम्र से ही जीवन-निर्माण करने वाले इन उपदेशों को समझ सकें और अपने व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें।

### गैर-अधिकृत कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें : डीसी



झज्जर। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि क्षेत्र के गांव अमादलपुर में कुछ व्यक्तियों द्वारा बिना संबंधित विभाग से लाइसेंस,सीएलयू, एनओसी प्राप्त किए अवैध रूप से कॉलोनियों को विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र के जिन किल्ला, खसरा नंबरों में अवैध निर्माण की सूचना प्राप्त हुई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जमाबंदी, इंतकाल आदि उपलब्ध कराएं और साथ ही इन खसरा नंबरों में किसी भी प्रकार की बिक्री, एग्रीमेंट टू सेल, फुल पेमेंट एग्रीमेंट या पावर ऑफ अटॉर्नी का पंजीकरण या क्रियान्वयन न करें। उन्होंने कहा कि जिले में बिना अनुमति के विकसित की जा रही किसी भी कॉलोनी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### सांखोल में विद्यार्थी कॅरियर मंच का आयोजन

बहादुरगढ़। गांव सांखोल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रतिभा मंथन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को विद्यार्थी करियर मंच का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने सीए, प्रदूषण कंट्रोल, मेहंदी आर्टिस्ट, नेल आर्टिस्ट, इंजीनियर सहित अनेक व्यावसायिक व तकनीकी क्षेत्रों से सबंधित स्टॉल लगाए। प्राचार्य संजय राठी ने इन स्टालों का भ्रमण कर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। प्राध्यापिका सविता मुदगिल ने विद्यार्थियों को सामान्य ज्ञान और भौतिक विज्ञान की जानकारी दी। इस अवसर पर सुनिधि, राजीव, किरण, मीनू पाराशर आदि उपस्थित रहे।

### पुराने औद्योगिक क्षेत्र में जांचा कर्मचारियों का स्वास्थ्य

बहादुरगढ़। कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज द्वारा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर साप्ताहिक आधार पर आयोजित करने की मुहिम प्रारंभ की गई है। रेडक्रॉस के प्रदेश उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी के सहयोग से इस अभियान का शुभारंभ ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया में न्यू होराइजन नीट प्राइवेट लिमिटेड में किया गया। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, महासचिव प्रदीप कौल, पुरुषोत्तम गोयल व दीपक साहनी आदि इस मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने इस सहयोग के लिए कंपनी के मुख्य निदेशक श्याम सुंदर चमड़िया व रवि चमड़िया का आभार व्यक्त किया। प्रवीण गर्ग ने बताया कि इस मुहिम के तहत उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों की समय पर स्वास्थ्य जांच हो सकेगी। कर्मचारी हमारे उद्योगों की रीढ़ हैं। कर्मचारी स्वस्थ रहेंगे तो उद्योग भी तेजी से प्रगति करेंगे। अंकुश मिगलानी ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उद्योगों में कार्यरत भारी संख्या में कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह एक सकारात्मक और अत्यंत आवश्यक कदम है।

## आर्य नगर में चोरी की वारदात का खुलासा

**रोहतक।** पुलिस की एवीटी स्टाफ टीम ने आर्य नगर क्षेत्र में हुई बड़ी चोरी की वारदात को सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है, ताकि वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं की गहन जांच की जा सके। एवीटी स्टाफ प्रभारी उप निरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि चोरी का मामला डीएलएफ कॉलोनी निवासी सोमनाथ की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार 1 दिसंबर की सुबह करीब 9:30 बजे वह अपने परिवार सहित दूसरे घर गया था। जब वह करीब 1:30 बजे वापस लौटा तो घर का ताला टूटा मिला। अलमारी की जांच करने पर लगभग 3 लाख 80 हजार रुपये नकद और सोने के आभूषण गायब मिले। मामले की जांच मुख्य सिपाही सुरेंद्र को सौंप दर गहनता से शुरू की गई। जांच के दौरान विभिन्न तकनीकी और पारंपरिक तरीकों का उपयोग करते हुए पुलिस टीम ने 11 दिसंबर को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

*लघु सचिवालय स्थित सभागार में सड़क सुरक्षा की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित*

# धुंध में हादसों से बचने के लिए सड़कों पर जल्द लगाएं सफेद पट्टी : उपायुक्त

■ डीसी ने सड़क मार्गों पर लाइट की व्यवस्था करने के दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सड़क सुरक्षा की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें यातायात प्रबंधन, सड़क दुर्घटनाओं में कमी, ब्लैक स्पॉट सुधार और जन-जागरुकता से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। डीसी ने कहा कि धुंध और कोहरे का सीजन आ रहा है। इसलिए सड़कों पर अवैध वाहन पार्किंग पर सख्ती बरतने की जरूरत है। सड़क मार्गों पर जरूरत के अनुसार सफेद पट्टी, ब्लिंकर्स और साइन बोर्ड लगाने के कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों और झाड़ियों को हटाने के लिए डीटीओ, ट्रैफिक पुलिस, वन विभाग और संबंधित निर्माण विभाग की संयुक्त टीम रिपोर्ट तैयार कर तत्काल समाधान करें। उन्होंने ब्लैक स्पॉट और पॉटहोल्स को चिह्नित कर प्राथमिकता से मरम्मत करवाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने एनएचएआई को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने अवैध कटों को तुरंत बंद करवाया जाए।



**झज्जर।** बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

### सड़क हादसों को रोकने के प्रति जागरूक किया


**झज्जर।** ग्रामीणों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए सदर थाना प्रभारी विनोद कुमार।

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव कलोई में सदर थाना प्रभारी विनोद कुमार की टीम ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों को मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया और हेलमेट के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक मौत सिर में चोट लगने के कारण होती है। जिन्हें हेलमेट पहनकर काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी जान की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। उन्होंने युवाओं अपील करते हुए कहा कि वे स्टंट या तेज गति में वाहन न चलाएं और यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करें।

# शिविर में 170 छात्रों के दांतों की जांच


**झज्जर।** विद्यार्थियों के दांतों की जांच करते हुए चिकित्सीय टीम। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

■ विद्यार्थियों को टूथब्रुश, कोलगेट और माउथवॉश वितरित किए गए

रिलायंस एमईटी द्वारा एसजीटी हॉस्पिटल की स्वास्थ्य टीम के सहयोग से गांव पेलपा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए दंत स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 170 विद्यार्थियों की दंत स्वास्थ्य जांच की गई। वहीं विद्यार्थियों को टूथब्रुश, कोलगेट और माउथवॉश वितरित किए गए। विशेषज्ञ टीम द्वारा विद्यार्थियों को सही तरीके से ब्रुश करने के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी गई, ताकि वे भविष्य में बेहतर दंत स्वास्थ्य बनाए रख सकें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रिलायंस की ओर से नीलम सिंह और चंचल उपस्थित रहे और पूरे आयोजन में सक्रिय रूप से समन्वय किया।

# पुलिस ने 246 पुरुषों और 528 महिलाओं को किया बरामद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

■ करीब 148 महिलाओं, बच्चों और युवाओं को भी उनके परिवारों से मिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

जिला पुलिस की अलग अलग टीमों द्वारा पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह के निर्देशानुसार इस वर्ष के दौरान जनता की सुरक्षा, विश्वास और संवेदनाओं को सर्वोपरि रखते हुए जिले की विभिन्न पुलिस टीमों ने निरंतर प्रयास कर उन परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लौटाई है, जो अपने परिजनों के बिछड़ जाने से चिंतित और परेशान थे। प्रवक्ता ने बताया कि आपसी मनमुटाव, मानसिक तनाव, घरेलू परिस्थितियों या किसी अन्य कारण से अपने परिवारों से दूर हुए व्यक्तियों को खोजने के लिए पुलिस टीमों ने न केवल हरियाणा राज्य में बल्कि देश के विभिन्न राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, असम, महाराष्ट्र, मुंबई, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, गुजरात सहित कई अन्य स्थानों पर जाकर कार्य किया है। आधुनिक तकनीक, सोशल मीडिया और आमजन की सक्रिय भागीदारी के आधार पर पुलिस ने लगभग 83 प्रतिशत गुमशुदा व्यक्तियों को सफलतापूर्वक खोज निकालकर उनके परिजनों से मिलवाया। इस वर्ष जिले में कुल 313 पुरुषों और 630 महिलाओं के गुमशुदा होने की सूचनाएं प्राप्त हुईं। पुलिस टीमों ने कार्रवाई करते हुए 246 पुरुषों तथा 528 महिलाओं को सकुशल बरामद किया। इसके अतिरिक्त करीब 148 महिलाओं, बच्चों और युवाओं को भी उनके परिवारों से मिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।


डॉक्टर राजश्री सिंह, पुलिस कमिश्नर झज्जर।

## चार वर्षीय मासूम सहित महिला लापता

■ परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई

**बहादुरगढ़।** पटेल नगर से चार वर्षीय मासूम बच्ची सहित एक महिला लापता हो गई। कई दिन बीत जाने के बाद भी दोनों का कुछ सुराग नहीं लग पाया है। परिजनों ने अब पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। यूपी के राम मिलन का कहना है कि वह यहां पटेल नगर में रहता है। गत चार दिसंबर को उसकी पत्नी गुडा देवी चार वर्षीय बेटी अनाया के साथ बाहर गई थी लेकिन वापस नहीं आई। उनकी तलाश शुरू की। तब से लेकर अब तक तमाम संभावित ठिकाने खंगाल चुके हैं लेकिन दोनों का कुछ अता पता नहीं है। पुलिस तलाशने में मदद करे। उधर, सेक्टर 6 थाने से जांच अधिकारी सुशीला का कहना है कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मां-बेटी की तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

## समाधान शिविर में आईं शिकायतों की वीसी के माध्यम से की समीक्षा

■ 5378 शिकायतों में से 144 बकाया, प्राथमिकता से हो रहा समाधान

**झज्जर।** मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा आयोजित वीसी में आईएएस अधिकारी राज शेखर वुंडरू ने समाधान शिविर सहित विभिन्न मंचों के माध्यम से जिला प्रशासन को प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की। बैठक के दौरान डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने जिले से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। जिले में आयोजित हो रहे समाधान शिविरों में अभी तक कुल 5378 शिकायत प्राप्त हुई हैं। इनमें से केवल 144 पेंडिंग हैं। पेंडिंग शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। वीसी उपरांत डीसी ने निर्देश दिए कि समाधान शिविर, सीएम विंडो, जनसंवाद आदि माध्यमों से प्राप्त सभी शिकायतों की रिपोर्ट निर्धारित समयसीमा में पोर्टल पर अपलोड की जाए। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष अगली बैठकों में अपने विभाग से संबंधित सभी शिकायतों का अद्यतन एवं संपूर्ण डाटा साथ लेकर पहुंचे, ताकि लंबित शिकायतों की बिंदुवार समीक्षा संभव हो सके।

# विक्रम कादियान ने वोट-चोर गद्दी छोड़ महारैली में पहुंचने का दिया न्योता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

■ देश इस समय एक गंभीर संवैधानिक संकट से गुजर रहा


विक्रम कादियान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता।

बेरी हलके के वरिष्ठ कांग्रेस नेता विक्रम कादियान ने शुक्रवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए दिल्ली में होने वाली वोट-चोर गद्दी छोड़ महारैली में भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश इस समय एक गंभीर संवैधानिक संकट से गुजर रहा है। जहां लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अभूतपूर्व दबाव महसूस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की लोकतांत्रिक संरचना को कमजोर करने वाले हर प्रयास का जवाब केवल जनता की संगठित और सामूहिक आवाज दे सकती है। उन्होंने कहा कि देश के नागरिकों में यह गहरी भावना है कि जनमत और चुनावी परिणामों के बीच बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है और यही कारण है कि आज व्यापक जन-आंदोलन की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि ये उनके राजनीतिक विचार हैं और कांग्रेस इसी सोच के साथ जन-आवाज को इस महारैली के माध्यम से राष्ट्रीय मंच पर लाना चाहती है। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान उसकी मजबूत लोकतांत्रिक और गणतांत्रिक परंपराओं से रही है, जिनकी जड़ें वैदिक काल तक जाती हैं।

### लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक व्यापक आंदोलन चलाया

उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे उन सभी ताकतों के खिलाफ खड़े हों जो इन मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी के नेतृत्व में लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक व्यापक आंदोलन चलाया हुआ है, और यह महारैली उसी श्रृंखला का महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने बेरी हलके के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे रिकॉर्ड तोड़ संख्या में दिल्ली पहुंचकर न केवल रैली को सफल बनाएं, बल्कि यह भी संदेश दें कि लोकतंत्र को कमजोर करने की किसी भी कोशिश को जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि यह रैली केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का सामूहिक संकल्प है।

# बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ हत्याकांड: एक हफ्ते की मोहलत, फिर भी आज जुटेगी राष्ट्रीय धनखड़ खाप

■ डीजीपी और आईजी कर चुके हैं परिवार से मुलाकात

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक**

भिवानी में हुए बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ हत्याकांड ने प्रदेशभर में कड़ा रोष पैदा कर दिया है। गांव हमायूंपुर निवासी 28 वर्षीय रोहित की हत्या के बाद से परिवार, ग्रामीण और धनखड़ समाज लगातार गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। इसके चलते रोहित के परिजन व पंचायत प्रतिनिधि हरियाणा के डीजीपी ओपी सिंह से मिल चुके हैं, वहीं, रोहतक रेंज के आईजी सिमरदीप सिंह भी स्वयं रोहित के घर पहुंचकर कार्रवाई का भरोसा दे चुके हैं। इन आधिकारिक आश्वासनों के बावजूद, शनिवार को राष्ट्रीय धनखड़ खाप की एक बड़ी पंचायत बुलाई गई है, जिसमें अगली रणनीति तय की जाएगी।

### शादी समारोह में कहासुनी से जानलेवा हमला

रोहित धनखड़ अपने मित्र जतिन (निवासी बौंदकला) के साथ 28 नवंबर को भिवानी एक शादी समारोह में गया था। बताया जाता है कि समारोह में तिगड़ाना से आई बारात के कुछ युवकों से मामूली कहासुनी हो गई थी। मामला इतना बढ़ गया कि वही युवक बाद में रास्ता रोककर रोहित और उसके साथियों पर टूट पड़े। मारपीट के दौरान रोहित को इतने गंभीर चोटें आईं कि वह बेहोशी की हालत में पहुंच गया। उसे तुरंत इलाज के लिए रोहतक पीजीआई ले जाया गया, लेकिन कई दिनों तक जिंदगी और मौत से लड़ने के बाद उसने दम तोड़ दिया। रोहित के परिवार और गांव की पंचायत प्रतिनिधियों ने सीधे पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह से मुलाकात की। मृतक के चाचा सतीश धनखड़ के अनुसार, डीजीपी ने आश्वासन दिया कि मुख्य आरोपियों के साथ-साथ उनकी मदद करने वाले सभी लोग एक सप्ताह के भीतर गिरफ्तार किए जाएंगे।

उन्होंने भिवानी एसपी और रोहतक रेंज के आईजी को भी सख्त निर्देश जारी किए हैं। डीजीपी ने स्पष्ट कहा कि इस मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अभियुक्तों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### आईजी समरदीप सिंह पहुंचे गांव, परिवार को भरोसा, जल्द होगी गिरफ्तारी

डीजीपी के आश्वासन के बाद आईजी रोहतक रेंज समरदीप सिंह खुद गांव हमायुंपुर पहुंचे। आईजी ने रोहित की मां संतोष देवी सहित पूरे परिवार से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मामले में आरोपियों को जल्द, संभवतः एक सप्ताह से पहले ही, गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आईजी ने परिवार के दुख में साझेदारी करते हुए कहा कि न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और अपराधियों को किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जाएगा।

### आज राष्ट्रीय धनखड़ खाप की महापंचायत हो सकता है बड़ा निर्णय

पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बावजूद समाज में गुस्सा कम नहीं हुआ है। इसी को देखते हुए कल राष्ट्रीय धनखड़ खाप की एक महत्वपूर्ण पंचायत बुलाई गई है। इस बैठक की अध्यक्षता ऑल इंडिया धनखड़ खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणबीर सिंह करेंगे। पंचायत में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से खाप प्रतिनिधि शामिल होंगे। उम्मीद है कि इस हत्याकांड की अब तक की जांच, पुलिस की कार्रवाई और आरोपियों की गिरफ्तारी में हो रही देरी को लेकर पंचायत बड़ा निर्णय ले सकती है।

## ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन: तीन युवक अवैध शराब सहित गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक**

पुलिस को ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत एक और अहम सफलता मिली है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी करते हुए पुलिस ने तीन युवकों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 75 बोतल देसी शराब बरामद की गई है। सभी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अलग-अलग मामले दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### शिव कॉलोनी निवासी अमित उर्फ बच्ची काबू

थाना शहर रोहतक प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही अजय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भिवानी चुंगी रेलवे फाटक के पास नाकाबंदी की हुई थी। इसी दौरान अवैध शराब लेकर जा रहे एक युवक को काबू किया गया। आरोपी की पहचान अमित उर्फ बच्ची पुत्र पवन निवासी शिव कॉलोनी के रूप में हुई। उसके कब्जे से 24 बोतल देसी शराब बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।थाना अर्बन एस्टेट प्रभारी उपनिरीक्षक कमलजीत ने बताया कि मुख्य सिपाही संदीप और टीम ने सेक्टर-4, जिमखाना क्लब के पास एक युवक को दबोचा।

### शोरा कोठी से 40 बोतल शराब बरामद

पीएसआई मंदीप के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शोरा कोठी क्षेत्र में दबिश दी और अंकित पुत्र एशीलाल निवासी शोरा कोठी को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया। उसके पास से 40 बोतल देसी शराब मिली।आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई।

## समाजसेवी सुशील बराही को मातृशोक

**बहादुरगढ़।** बराही गांव के समाजसेवी मास्टर सुशील बराही, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल रमेश छिल्लर एवं रविंद्र छिल्लर की माताजी किशनी देवी (85 वर्ष) का शुक्रवार को निधन हो गया। ग्रामीणों व परिचितों में उनके निधन की खबर से गहरा शोक व्याप्त है। परिजनों ने बताया कि अंतिम संस्कार शनिवार 13 दिसंबर को सुबह 10 बजे बराही गांव के श्मशान घाट पर किया जाएगा। सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

**सूचना**

हम, इंद्रमणी पुत्र बोबद राम एवं सोनवरी पत्नी इंद्रमणी निवासीयान मकान नंबर-16/677, बाल्मीकि बस्ती, शिव चौक, नजफगढ़ रोड, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करते हैं कि हमारा पुत्र संदीप व पुत्रवधु सपना हमारे कहने सुनने से बाहर हैं और हम उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। संदीप व उसकी पत्नी सपना अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। हमारा व हमारे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**खंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में 135 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा**

# निबंध लेखन में अनीशा प्रथम व नेहा ने पाया दूसरा स्थान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता के अंतर्गत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ मे खंड स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कानूनी जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के ओवरऑल इंचार्ज प्राचार्य मनोज भाटिया और प्रतियोगिता के नोडल ऑफिसर रविंद्र कौशिक रहे। प्राचार्य मनोज भाटिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन और संवैधानिक सोच को विकसित करते हैं। वहीं रविंद्र कौशिक ने बताया कि ऐसे मंच विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी होते है। सभी विद्यार्थियों का कानूनी साक्षर होना बहुत जरूरी है। लीगल लिटरेसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को बाल अधिकार, महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम, नशा उन्मूलन, सड़क सुरक्षा तथा संविधान में निहित मूल अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी मिलती है, जो उन्हें सही और गलत में अंतर करने में सक्षम बनाती है।


**झज्जर।** प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित होनहार प्रतिभागी, प्राचार्य मनोज भाटिया एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### निर्णायक मंडल में ये शामिल

प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में पवन कुमार, रश्मि, सीमा यादव, मनीषा, ज्योति, संतोष, शर्मिला, अजीत, राजेश कुमार, विनीता रानी, सतीश कुमार, प्रीति कश्यप, सुनीता मान, पवन कुमार, अनीता, सुदेश कुमारी, राहुल, नीरज, बबीता रानी, मोनिका, ऊषा, रोशन, नरेश कुमार, विनोद बाला, नवीन कुमार, अन्नू, कुसुम शामिल रहे। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता की तैयारी करने को प्रेरित किया।

### प्रतियोगिता के ये रहे परिणाम

निबंध लेखन में प्रथम स्थान अनीशा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोच्छी, दूसरा स्थान नेहा, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दूबलधन और तीसरा स्थान रितु यादव, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ ने प्राप्त किया। भाषण में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीघल की छात्रा कविता ने पहला, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी की छात्रा खुशी ने दूसरा और राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माजरा दूबलधन की छात्रा सोनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ प्रतियोगिता में पहला स्थान राशी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धांधलान ने, दूसरा स्थान टीना, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दूबलधन ने और तीसरा स्थान अंशिका, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीघल ने प्राप्त किया। डिबेट में पहला स्थान सुहानी व तन्नू राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धांधलान ने, दूसरा स्थान इशिका व कनिका राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ ने, तीसरा स्थान स्वाति व कुशल राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माजरा दूबलधन ने प्राप्त किया। प्रश्नोतरी, नाटक, स्लोगन, डाक्यूमेंट्री फिल्म, पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन आदि प्रतियोगिताओं ने भी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

**ब अदालत श्रीमान सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी झज्जर**
केस न०. 60/तह तकसीम
खेवट न0. 241/211 खतौनी न0. 274
वाका मौजा दादनपुर तह व जिला झज्जर
आगामी तारीख पेशी: 6/1/2026
श्रीमती प्रीती आदि
बनाम
श्री मुखत्यार सिंह आदि
इश्तहार मुनादी बजरिये अखबार

1. मुखत्यार सिंह पुत्र मामन पुत्र जुगलाल 2. ईन्द्रसिंह पुत्र मामन पुत्र जुगलाल 3. श्रीमती संतोष पत्नी नगेन्द्र सिंह पुत्र भुपेन्द्र सिंह 4. श्रीमती भाना पुत्री मामन पुत्र जुगलाल 5. बिमला पुत्री मामन पुत्र जुगलाल 6. फुलवति विधवा भगवानदास पुत्र मामन सिंह 7. उषा पुत्री भगवानदास पुत्र मामन सिंह निवासीयान गांव दादनपुर तह व जिला झज्जर

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि प्रार्थीगण / फरीक अव्वलगण ने एक दरखास्त तकसीम खेवट न0. 241/211, खतौनी न0. 274 वाका मौजा दादनपुर तह व जिला झज्जर बहक उतरवादीगण / फरीक दोयगण के खिलाफ दायर की हुई जिसमें आगामी तारीख पेशी दिनांक 6/1/2026 लगी हुई है इस इश्तहार द्वारा उतरवादीगण / फरीक दोयमगण न0.1, 2, 4, 5, 6, 8, 9, को उपरोक्त दरखास्त तकसीम से सम्बंधित कोई भी उजर या एतराज हो तो दिनांक 6/1/2026 को उपरोक्त माननीय न्यायलय में असालतन या वकालतन उपस्थित हो सकते हैं अन्यथा इसके उपरांत गुजरने मियाद फरीक दोयगण न0. 1,2,4,5,6,8,9, के खिलाफ एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी ।

यह कि इश्तहार मुनादी बजरिये अखबार इस न्यायलय से दिनांक 9/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर वा मोहर सहित जारी किया हुआ है।
हस्ता/-ऐ.सी.प्रथम श्रेणी झज्जर

**ब अदालत श्रीमान सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी झज्जर**
केस न०. 59/तह तकसीम
खेवट न0. 97/94 खतौनी न0. 105
वाका मौजा : दादनपुर तह व जिला झज्जर
आगामी तारीख पेशी: 6/1/2026
श्रीमती प्रीती आदि
बनाम
श्री भगवान आदि
इश्तहार मुनादी बजरिये अखबार

1. जयसिंह पुत्र श्री कर्णसिंह पुत्र श्री महानन्द 2. अजीत पुत्र कर्णसिंह पुत्र महानंन्द निवासीयान गांव दादनपुर तह व जिला झज्जर सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि प्रार्थीगण / फरीक अव्वलगण ने एक दरखास्त तकसीम खेवट न०. 97/94, खतौनी न०. 105 वाका मौजा दादनपुर तह व जिला झज्जर बहक उतरवादीगण / फरीक दोयगण के खिलाफ दायर की हुई जिसमें आगामी तारीख पेशी दिनांक 6/1/2026 लगी हुई है इस इश्तहार द्वारा उतरवादीगण /फरीक दोयमगण न०. 4 जयसिंह पुत्र श्री कर्णसिंह पुत्र श्री महानन्द 5. अजीत पुत्र कर्णसिंह पुत्र महानन्द निवासीयान गांव दादनपुर तह व जिला झज्जर, को उपरोक्त दरखास्त तकसीम से सम्बंधित कोई भी उजर या एतराज हो तो दिनांक 6/1/2026 को उपरोक्त माननीय न्यायलय में असालतन या वकालतन उपस्थित हो सकते हैं अन्यथा इसके उपरान्त गुजरने मियाद फरीक दोयगण न०. 4 व 5 के खिलाफ एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी ।

यह कि इश्तहार मुनादी बजरिये अखबार इस न्यायलय से दिनांक 9/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर वा मोहर सहित जारी किया हुआ है।
हस्ता/-ऐ.सी.प्रथम श्रेणी, झज्जर

# Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

1 LTR
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

2 LTR
ON SHOPPING OF ₹4999 & ABOVE
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

## SUPER SALE
13 DEC TO 15 DEC

UPTO 80% OFF

ON ALL MRP 6% OFF

ROHTAK | BAHADURGARH | JHAJJAR | DIGHAL | SAMPLA | GOHANA | KARNAL

- 24 MANTRA ATTA 5KG — BUY 1 GET 1 FREE
- BREGANO PASTA ALL VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
- TOPS TOMATO KETCHUP 850GM — BUY 1 GET 1 FREE
- WELCOME`S SPICES (SELECTED VARIANTS) — BUY 1 GET 1 FREE
- DEHAAT TOOR DAL — BUY 1 GET 1 FREE
- UNIFIT MUSELI 375GM — BUY 1 GET 1 FREE

- FIT 4 DITE — GAJJAK - LADDO - PEANUT CHIKKI AND MORE, — BUY 1 GET 1 Free
- FORTUNE SOYABEAN OIL 750g — ₹129
- SATMOLA NAMKEEN ALL VARIENT — BUY 1 GET 1 FREE

- FORTUNE ATTA ( 10 KG ) — ₹410
- 24 MANTRA MUSTARD OIL 1 LTR — BUY 1 GET 1 Free
- GM POHA(500g) — BUY 1 GET 1 Free
- BTW NAMKEEN ALL VARIENT — BUY 1 GET 1 Free
- TAJ MAHAL TEA — ₹549
- TATA TEA PREMIUM 1 KG — ₹349
- DAAWAT ROZANA BASMATI GOLD RICE 5KG — ₹399
- RAJDHANI BESAN 1KG — ₹92
- XCITE NOODLES ( 330 G) — BUY 1 GET 1 Free
- HURRICANE ENERGY DRINK (250 ML) — BUY 1 GET 1 Free
- DEHAAT MAKHANA — BUY 1 GET 1 Free
- RED BULL 250ML — ₹95
- ANANDA GHEE (900ML ) — ₹569
- PREET LITE GHEE 1L — ₹315
- NOVA GHEE (800ML ) — ₹539
- PRABHAS GHEE (1 LTR) — BUY 1 GET 1 Free
- FORTUNE PURE MUSTARD OIL 1LTR — ₹175
- PATANJALI MUSTARD OIL 1 LTR — ₹185

**Rohtak, Bus Stand**
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480

**Rohtak, Model Town**
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480

**Karnal**
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555

**Dighal**
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127

**Bahadurgarh**
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899

**Sampla**
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800

**Gohana**
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626

**Jhajjar**
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531

**Sonipat**
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555

**Zirakpur**
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91 90530 87555

UPCOMING BRANCHES: Sirsa, Ghaziabad, Hisar, Mohali, Bhivani, Pinjor

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

TERMS & CONDITION : *STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.